इंटरनेट पर देखें
www.dainikdawa.com

संस्कारधानी से प्रकाशित मध्यभारत व छत्तीसगढ़ अंचल का सर्वप्रसारित लोकप्रिय हिंदी समाचार पत्र

भारत सरकार व छत्तीसगढ़ शासन से विज्ञापन के लिए अधिकृत

दैनिक प्रातः संस्करण

" यो आत्मानं वेति, सर्वं स वेति " ।।

आर.एन.आई.नं. 58841/93
डाक पंजीयन छ.ग./दुर्ग/14/2024-26

# दावा

सम्पादक - दीपक कुमार बुद्धदेव




वर्ष- 43 अंक -218 राजनांदगांव, मंगलवार 25 जून 2024 पृष्ठ - 8 मूल्य - 4.00 रुपए

## 'हम बचाएंगे संविधान'... सदन के पहले दिन विपक्ष ने दिखाए तीखे तेवर, नीट को लेकर केंद्र पर जमकर बोला हमला

नई दिल्ली। लोकसभा चुनाव 2024 के नतीजों से उत्साहित विपक्ष सत्र के पहले दिन जोश में दिखा और इसने अपने तेवर दिखाए। इंडी गठबंधन के सांसद सोमवार को शक्ति प्रदर्शन के लिए संसद परिसर में एकत्र हुए। वे संविधान की प्रतियां लेकर और 'लोकतंत्र बचाओ' के नारे लगाते हुए संसद भवन पहुंचे। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, पार्टी नेता राहुल गांधी, तृणमूल कांग्रेस के सुदीप बंद्योपाध्याय, द्रमुक के टीआर बालू समेत विपक्षी नेता संसद परिसर में उस स्थान पर एकत्र हुए, जहां कभी गांधी प्रतिमा हुआ करती थी।



### कांग्रेस ने 'संविधान बचाओ' का दिया नारा

इस अवसर पर पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी ने भी विपक्षी नेताओं का साथ दिया। संविधान की प्रतियां अपने हाथों में लेकर विपक्षी सांसदों ने 'संविधान जिंदाबाद', 'हम संविधान बचाएंगे' और 'हम लोकतंत्र को बचाएंगे' जैसे नारे लगाए। राहुल गांधी ने कहा कि वह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह को संविधान पर हमला करने की इजाजत नहीं देंगे। उन्होंने कहा, यह हमला हमें स्वीकार्य नहीं है और इसीलिए हम संविधान लेकर सदन में आए हैं। नई लोकसभा में कांग्रेस की ओर से नेता विपक्ष की औपचारिक घोषणा का अभी इंतजार है। मगर राहुल गांधी का विपक्षी बेंच की अग्रिम पंक्ति पर पहले दिन बैठने के अपने संकेत और संदेश हैं। सदन की कार्यवाही शुरू होने से पूर्व सत्ता पक्ष और विपक्ष के सदस्य अपने-अपने अंदाज में आए। भाजपा के सदस्य पंक्तिबद्ध होकर एक साथ दाखिल हुए तो कांग्रेस के सभी सांसदों ने राहुल गांधी की अगुआई में हाथ में संविधान की प्रति लेकर एक साथ प्रवेश किया।

### इस लूक में सदन में नजर आए सपा सांसद

समाजवादी पार्टी के सभी सदस्य सिर पर लाल टोपी और कंधे पर इसी रंग का गमछा रखकर सदन में आए। सपा प्रमुख अखिलेश यादव फैजाबाद से जीते पार्टी सांसद अवधेश प्रसाद को साथ लेकर आगे आए। के सुरेश, कल्याण बनर्जी के साथ पहली पंक्ति में बैठे राहुल गांधी से अखिलेश और अवधेश गर्मजोशी से मिले और फिर उनके साथ ही बैठ गए। शपथ के दौरान सत्ता पक्ष और विपक्ष के सांसदों के बीच तंज-ताने के दौर भी चलते रहे।

### कल्याण बनर्जी ने जब ली चुटकी

इस क्रम में केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह जब शपथ के लिए आए तो कल्याण बनर्जी ने चुटकी लेते हुए कहा कि आपके बयानों की वजह से हमारी सीटें बढ़ गईं। इसके लिए आपका धन्यवाद। शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के शपथ लेते वक्त विपक्षी सदस्यों ने नीट-नीट के नारे लगाए। मंत्रियों के शपथ के बाद राज्यवार सांसदों के (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## राजनीति में बना गजब का संयोग, राज्यसभा में भाजपा अध्यक्ष नेता सदन और कांग्रेस अध्यक्ष बने नेता प्रतिपक्ष

नई दिल्ली। राज्यसभा में इस सत्र के दौरान कुछ अद्भुत संयोग बना है। राज्यसभा में कांग्रेस अध्यक्ष नेता प्रतिपक्ष हैं, तो वहीं भाजपा अध्यक्ष नेता सदन होंगे। हाल के वर्षों में यह पहली बार है जब राज्यसभा में बतौर नेता प्रतिपक्ष और नेता सदन कांग्रेस व भाजपा अध्यक्ष एक-दूसरे के आमने-सामने होंगे। दोनों ही पार्टियों के अध्यक्ष राज्यसभा के सदस्य हैं। हालांकि, यह व्यवस्था लंबे समय तक नहीं चलेगी। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे पहले से ही राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष हैं। वहीं, भाजपा के वर्तमान अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा राज्यसभा में नेता सदन बनाए गए हैं।



### भाजपा और कांग्रेस के अध्यक्ष होंगे आमने-सामने

दरअसल, भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा का कार्यकाल इसी माह पूरा होने जा रहा है। माना जा रहा है कि जल्द ही भारतीय जनता पार्टी को नया अध्यक्ष मिलेगा। ऐसे में जेपी नड्डा राज्यसभा में नेता सदन तो रहेंगे, लेकिन भाजपा अध्यक्ष नहीं होंगे। लेकिन बेहद कम दिनों के लिए ही सही, विपक्षी पार्टी के अध्यक्ष जहां राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष हैं, तो सत्तारूढ़ पार्टी के अध्यक्ष नेता सदन होंगे। भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री भी हैं। मौजूदा सत्र में राज्यसभा के भीतर भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष को कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष का विरोध झेलना होगा। वहीं, विपक्ष के समक्ष भाजपा अध्यक्ष सरकार की उपलब्धि पेश करेंगे। जेपी नड्डा को राज्यसभा में सदन का नेता नामित किए जाने पर कांग्रेस ने भी उन्हें बधाई दी है।

### कांग्रेस ने जेपी नड्डा को दी बधाई

कांग्रेस पार्टी ने अपनी प्रतिक्रिया में कहा कि यदि सदन के नेता सभी को समायोजित करेंगे, तो विपक्ष भी सहयोग करेगा। पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने कहा, जेपी नड्डा को राज्यसभा में सदन के नेता के रूप में नामित किए जाने पर बधाई है। जैसा कि वेंकैया नायडू (पूर्व उपराष्ट्रपति एवं उच्च सदन के पूर्व सभापति) ने कहा था - यदि सदन के नेता समायोजित कर सकते हैं, तो विपक्ष सहयोग कर सकता है। (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## नीट-यूजी पेपर गड़बड़ी के पांच और मामलों की जांच करेगी सीबीआई, तीन राज्यों में दर्ज की गई एफआईआर

नई दिल्ली। सीबीआई ने मेडिकल कोर्सों में प्रवेश के लिए आयोजित नीट-यूजी पेपर लीक की जांच का जिम्मा मिलने के बाद सोमवार को इस संबंध में पांच और नए मामलों की जांच अपने हाथ में ले ली। नीट में कथित गड़बड़ी के इन मामलों की जांच अलग-अलग गुजरात, राजस्थान और बिहार की पुलिस कर रही थीं।



शिक्षा मंत्रालय ने पेपर लीक के दावों की जांच के लिए छात्रों द्वारा देशव्यापी विरोध प्रदर्शन और अदालतों में याचिकाएं दायर किए जाने के बाद जांच शनिवार को सीबीआई को सौंप दी थी। मंत्रालय की शिकायत पर सीबीआई ने रविवार को आईपीसी की विभिन्न धाराओं के तहत पहली एफआइआर दर्ज की थी। मामले की जांच के लिए सीबीआई ने विशेष टीमें गठित की हैं।

### सीबीआई के पास अब कुल छह मामले

अधिकारियों ने बताया कि केंद्रीय जांच एजेंसी ने गुजरात और बिहार से एक-एक और राजस्थान से तीन मामलों को अपनी एफआईआर के तौर पर फिर से दर्ज किया है। इन नए मामलों को अपने हाथ में लेने के बाद सीबीआई अब नीट-यूजी में कथित अनियमितताओं से संबंधित कुल छह मामलों की जांच कर रही है। इसके अलावा, महाराष्ट्र के लातूर से भी एक और मामला सीबीआई के अपने हाथ लें लेने की संभावना है। अधिकारियों ने बताया कि बिहार के मामले को छोड़कर अन्य चार केस स्थानीय अधिकारियों, निरीक्षकों और उम्मीदवारों द्वारा नकल और धोखाधड़ी की अलग-अलग घटनाएं प्रतीत होती हैं। इस बीच, सोमवार को सीबीआई की दो सदस्यीय जांच टीम पटना में आर्थिक अपराध इकाई (ईओयू) के कार्यालय पहुंची और ईओयू द्वारा 39 दिनों की एवं पटना पुलिस की 11 दिनों की जांच रिपोर्ट अपने कब्जे में ली। लगभग 300 पेज की जांच रिपोर्ट में नीट-यूजी पेपर लीक मामले से जुड़े आरोपितों के साथ ही पेपर लीक के तरीके, पैसे के लेनदेन, आरोपितों के पुराने रिकॉर्ड व (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## केंद्र सरकार ने दी पेपर लीक विरोधी कानून की जानकारी, एनआरए को कड़े नियम तैयार करने का आदेश

नई दिल्ली। देशभर में नीट-यूजी परीक्षाओं में धांधली को लेकर हंगामा मचा हुआ है। उधर, विपक्ष भी इस मुद्दे पर केंद्र सरकार के खिलाफ मुखर हो गया है। इस बीच केंद्र सरकार ने हाल ही में अधिसूचित किए गए पेपर लीक विरोधी कानून के नियमों के बारे में जानकारी दी है।



### एनआरए को दिए ये आदेश

केंद्र सरकार ने राष्ट्रीय भर्ती एजेंसी (एनआरए) को कम्प्यूटर आधारित परीक्षाओं के लिए दिशा-निर्देश तैयार करने का आदेश दिया गया है। इसके अलावा एनआरए को परीक्षा से पहले, परीक्षा के दौरान और परीक्षा के बाद की गतिविधियों के लिए नियम तैयार करने के निर्देश दिए हैं। एनआरए को परीक्षार्थियों की स्क्रीनिंग के लिए ऑनलाइन परीक्षा आयोजित करने का भी आदेश दिया गया है।

नए नियमों के तहत सार्वजनिक परीक्षा प्राधिकरण को सरकारी संगठनों के सेवारत या सेवानिवृत्त कर्मचारियों की सेवाएं लेने की अनुमति दी गई है। बताया गया है कि परीक्षाओं से सफल संचालन के लिए सार्वजनिक परीक्षा प्राधिकरण द्वारा एक समिति का गठन किया जा सकता है। समिति की अध्यक्षता संयुक्त सचिव स्तर के अधिकारी द्वारा की जाएगी। इस समिति में सार्वजनिक परीक्षा प्राधिकरण से एक वरिष्ठ अधिकारी और एक नामित अधिकारी को शामिल किया जा सकता है।

### 10 साल की कैद से लेकर 1 करोड़ के जुर्माने का प्रावधान

लोक सेवा आयोग, कर्मचारी चयन आयोग (एसएससी), रेलवे, बैंकिंग भर्ती परीक्षाएं और नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) की परीक्षाओं में धांधली को रोकने के लिए इस कानून को लागू किया गया है। इस कानून के लागू होने के बाद अब पेपर लीक करने का दोषी पाए जाने पर 10 साल तक की कैद से लेकर 1 करोड़ रुपये के जुर्माने का प्रावधान है। (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## मोदी, राजनाथ, शाह, गडकरी, शिवराज सहित 262 सांसदों ने ली सदस्यता की शपथ



नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, उनके मंत्रिपरिषद के सदस्यों सहित 18वीं लोकसभा के कुल 262 सदस्यों ने संसद की सदस्यता की शपथ ग्रहण की। अस्थायी अध्यक्ष भर्तृहरि मेहताब ने श्री मोदी को सबसे पहले शपथ ग्रहण करायी। इसके बाद पीठासीन अधिकारियों के पैनल के सदस्य के रूप में भारतीय जनता पार्टी के राधामोहन सिंह और फग्गन सिंह कुलस्ते ने शपथ ग्रहण की।

पूर्वाह्न 11 बजे सदन के समवेत होने के पहले सदन के नेता प्रधानमंत्री श्री मोदी, उपनेता रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, गृह मंत्री अमित शाह, सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी, कृषि, किसान कल्याण, ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान, शहरी विकास, आवासन एवं ऊर्जा मंत्री मनोहर लाल खट्टर आदि नेता सदन में मौजूद थे।

ठीक 11 बजे सदन के समवेत होने पर श्री मेहताब ने आसन ग्रहण किया और उसके तुरंत बाद राष्ट्रगान की धुन बजायी गयी। 18वीं लोकसभा के सभी सदस्यों को उनके निर्वाचन पर बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। इसके बाद लोकसभा के महासचिव उत्पल कुमार सिंह ने निर्वाचन आयोग द्वारा प्रदत्त नवनिर्वाचित सांसदों की सूची हिन्दी एवं अंग्रेज़ी में सदन के पटल पर रखी। अध्यक्ष ने सदन को सूचित किया कि श्री राहुल गांधी ने केरल की वायनाड सीट से त्यागपत्र दे दिया है और उसे स्वीकार कर लिया गया है।

इसके बाद श्री मेहताब ने शपथ विधि के लिए नियम बताये। जैसे ही लोकसभा महासचिव ने प्रधानमंत्री श्री मोदी का नाम शपथ के लिए पुकारा, सत्ता पक्ष में हर्ष की लहर दौड़ गयी। श्री मोदी ने अध्यक्षीय आसन के दाहिनी ओर बने मंच पर आ कर शपथ ग्रहण की और फिर सदस्यता के रजिस्टर पर हस्ताक्षर किये। इसके बाद कांग्रेस के श्री कोडिकोनिल सुरेश और द्रविड़ मुनेत्र कषगम के श्री टी आर बालू का नाम पुकारा गया लेकिन ये दोनों उस समय सदन में उपस्थित नहीं थे। भाजपा के राधामोहन सिंह ने दूसरे नंबर पर और तीसरे नंबर पर श्री फग्गन सिंह कुलस्ते ने शपथ ग्रहण की। तृणमूल कांग्रेस के सुदीप बंद्योपाध्याय भी पीठासीन अधिकारियों के पैनल में शामिल हैं लेकिन वह भी शपथ के लिए पुकारे जाने पर सदन में उपस्थित नहीं थे।

इसके उपरांत उपनेता राजनाथ सिंह, श्री अमित शाह, श्री गडकरी, श्री चौहान, श्री खट्टर आदि मंत्रियों ने शपथ ली। नियमानुसार सबसे पहले नेता सदन के तौर पर प्रधानमंत्री, तत्पश्चात पीठासीन अधिकारियों के पैनल के सदस्यों, फिर केन्द्रीय कैबिनेट मंत्रियों, फिर स्वतंत्र प्रभार वाले राज्य मंत्रियों और फिर राज्य मंत्रियों ने शपथ ली। इसके बाद राज्यों एवं केन्द्रशासित प्रदेशों के क्रम में वर्णानुक्रम से (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## वैष्णव ने रेलवे बोर्ड को दिया चार सूत्री एजेंडा पर फोकस करने का मंत्र



नयी दिल्ली। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने रेलवे बोर्ड को सुरक्षा और जन सुविधा बनाये रखने के उद्देश्य से चार सूत्री एजेंडा पर फोकस करने का मंत्र दिया, जिनमें सभी उपकरणों के सही ढंग से कार्यान्वयन से लेकर अच्छी गुणवत्ता वाले भोजन और पानी की सुविधा शामिल हैं।

आधिकारिक सूत्रों के अनुसार रेल मंत्री ने सोमवार को रेलवे बोर्ड की अध्यक्ष एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी, अन्य सभी सदस्यों, वरिष्ठ अधिकारियों, महाप्रबंधकों और मंडल रेल प्रबंधकों के साथ सुरक्षा और यात्री सुविधाओं के विभिन्न पहलुओं की व्यापकता से समीक्षा की।

सूत्रों ने बताया कि इस कवायद का मकसद यह था कि ट्रेनों में वातानुकूलन प्रणाली सहित किसी भी उपकरण में कोई खराबी, भोजन की घटिया सामग्री और पानी की कमी के कारण यात्रियों को परेशानी का सामना नहीं करना पड़े और गाड़ी की समयबद्धता प्रभावित नहीं हो। सूत्रों के अनुसार बैठक में चार बिन्दुओं पर ठोस सुधार लाने के लिए कुछ महत्वपूर्ण निर्णय लिये गये। रेलवे स्टेशनों एवं ट्रेनों के उपकरणों की विश्वसनीयता और ठीक से काम करने के संबंध में विचार विमर्श में माना गया कि सुरक्षा संबंधी उपकरणों में सुधार करने के लिए, उनकी विशिष्टताओं, इन्स्टालेशन के तरीकों और रखरखाव प्रथाओं की समीक्षा करने की जरूरत है। सभी विनिर्माताओं के साथ आरडीएसओ द्वारा संयुक्त कार्यशालाएं आयोजित करके यह काम किया जाए।

भोजन की गुणवत्ता में सुधार के लिए भारतीय रेलवे खानपान एवं पर्यटन निगम (आईआरसीटीसी) और उसकी एजेंसियों द्वारा 100 स्थानों पर बेस किचन स्थापित करने का कार्य प्रगति पर है। बैठक में निर्णय लिया गया कि इसे अगले चार महीनों में युद्ध स्तर पर पूरा किया जाना चाहिए।

ट्रेनों में पैंट्री कारों और भंडारण वाली जगहों की गहरी सफाई मिशन मोड में की जाएगी और इसे रखरखाव कार्यक्रम में भी प्राथमिकता से शामिल किया जाएगा ताकि इसे नियमित आधार पर किया जाये। (शेष पृष्ठ 6 पर...)




## बीजेपी को अब और समर्थन नहीं, नवीन पटनायक ने बीजेडी सांसदों से मजबूत विपक्ष की तरह काम करने को कहा

नई दिल्ली। बीजेडी के अध्यक्ष नवीन पटनायक ने सोमवार को अपनी पार्टी के 9 राज्यसभा सांसदों के साथ बैठक की और उनसे 27 जून से शुरू होने वाले संसद के ऊपरी सदन के आगामी सत्र के दौरान एक मजबूत विपक्ष के रूप में उभरने को कहा। मीटिंग में पटनायक ने सांसदों से राज्य के हितों से संबंधित मुद्दों को उचित तरीके से उठाने के लिए भी कहा है.



राज्यसभा में बीजेडी नेता सस्मित पात्रा ने कहा, 'इस बार बीजेडी सांसद केवल मुद्दों पर बोलने तक ही सीमित नहीं रहेंगे, बल्कि अगर केंद्र की बीजेपी सरकार ओडिशा के हितों की अनदेखी करती है, तो वे आंदोलन करने के लिए भी संकल्पित हैं। बीजेडी के अध्यक्ष नवीन पटनायक ने सोमवार को अपनी पार्टी के 9 राज्यसभा सांसदों के साथ बैठक की और उनसे 27 जून से शुरू होने वाले संसद के ऊपरी सदन के आगामी सत्र के दौरान एक मजबूत विपक्ष के रूप में उभरने को कहा। मीटिंग में पटनायक ने सांसदों से राज्य के हितों से संबंधित मुद्दों को उचित तरीके से उठाने के लिए भी कहा है।

एजेंसी के मुताबिक बैठक के बाद पत्रकारों से बात करते हुए, राज्यसभा में पार्टी के नेता सस्मित पात्रा ने कहा, इस बार बीजेडी सांसद केवल मुद्दों पर बोलने तक ही सीमित नहीं रहेंगे, बल्कि अगर केंद्र की बीजेपी सरकार ओडिशा के हितों की अनदेखी करती है, तो वे आंदोलन करने के लिए भी संकल्पित हैं। उन्होंने कहा कि ओडिशा को विशेष दर्जा देने की मांग उठाने के अलावा बीजेडी सांसद राज्य में खराब मोबाइल कनेक्टिविटी और बैंक शाखाओं की कम संख्या का मुद्दा भी उठाएंगे। उन्होंने आगे कहा, कोयला रॉयल्टी में संशोधन की ओडिशा की मांग को केंद्र सरकार ने पिछले 10 सालों से नजरअंदाज किया है।

इससे सूबे के लोगों को भारी नुकसान हो रहा है और वे अपने उचित हिस्से से वंचित हैं. नेता सस्मित पात्रा ने कहा कि राज्यसभा में 9 सांसद मजबूत विपक्ष की भूमिका निभाएंगे, नवीन पटनायक ने संसद में राज्य के लोगों के अधिकारों के लिए लड़ने के स्पष्ट निर्देश दिए हैं। जब उनसे पूछा गया कि क्या बीजेडी, बीजेपी के नेतृत्व वाली सरकार को मुद्दा आधारित (शेष पृष्ठ 6 पर...)




## भारत में हो सकता है अमेरिका की जैवलिन मिसाइलों उत्पादन, दोनों देशों के बीच इन मुद्दों पर हुई चर्चा

नई दिल्ली। भारतीय सेना की जरूरतों को पूरा करने के लिए भारत में अमेरिका की जैवलिन मिसाइलों को तैयार किया जा सकता है। अमेरिका और भारत के बीच इस मुद्दे पर चर्चा की गई। रक्षा सूत्रों ने बताया कि मिसाइलों के संयुक्त उत्पादन पर हाल ही में चर्चा की गई।



### जैवलिन मिसाइलों से क्या फायदा मिलेगा?

भारत और अमेरिका के बीच सैन्य उपकरणों के संयुक्त उत्पादन साथ साथ सहयोग बढ़ाने पर भी चर्चा की गई। सूत्रों ने कहा कि अत्याधुनिक तकनीक वाली जैवलिन मिसाइलें इस समय भारतीय सेना की सबसे बड़ी जरूरत है। सूत्रों के अनुसार भारतीय सेनाएं कंधे से दागी जाने वाली मिसाइल तकनीक पर विचार कर रहीं हैं। इससे कई फायदे होंगे। पहला यह कि इनका वजन कम होता है और कठिन इलाकों में सैनिकों द्वारा ले जाया जा सकता है। बताया गया है कि अमेरिका ने पहले भी भारत को जैवलिन मिसाइलों की ताकत दिखाई थी। हालांकि उस समय इस परियोजना पर बात नहीं बन पाई। जैवलिन मिसाइल का उत्पादन अमेरिकी रक्षा कंपनियों रेथियॉन और लॉकहीड मार्टिन द्वारा संयुक्त रूप से किया गया है। अमेरिका द्वारा कई भागीदार देशों के साथ इन मिसाइलों का सौदा किया गया है।

### भारतीय सेना ने इस्राइल से हासिल की थी एटीजीएम

भारतीय सेना ने हाल ही में इस्राइल की स्पाइक एंटी टैंक गाइडेड मिसाइल (एटीजीएम) को हासिल किया। भारतीय सेना को लंबे समय से तीसरी पीढ़ी के एटीजीएम की आवश्यकता थी। सूत्रों ने बताया कि वैश्विक मार्ग के जरिए से हथियार प्रणालियों को हासिल करने के प्रयास सफल नहीं रहे हैं। इसलिए, स्वदेशी तरीके से एटीजीएम को प्राप्त करने का काम जारी है।

### भारत में होगा एमपी-एटीजीएम का परीक्षण

रक्षा अधिकारियों ने बताया है कि रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन भी सेना की आवश्यकताओं को (शेष पृष्ठ 6 पर...)